शाम के समाचार

30.08.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार...**

- मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से उज्जैन और दिल्ली के बीच वंदे-भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने का किया अनुरोध ।
- केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने साँची में बौद्ध स्तूपों सहित अन्य धरोहरों को देखा ।
- पेरिस पैरा लिम्पिक में भारत की शानदार शुरूआत, निशानेबाजी में मिले दो पदक, अवनी लेखरा ने रचा इतिहास।
- प्रदेश में फिर बदला मौसम, भोपाल, इंदौर और नर्मदापुरम सहित कई जिलों में हुई तेज बारिश ।

**मुख्यमंत्री-भेंट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कर उज्जैन और दिल्ली के बीच वंदे-भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि ओवरनाइट वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से महाकाल की नगरी उज्जैन आने वाले तीर्थ-यात्रियों को महाकाल दर्शन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव से राज्य में खनिज और उर्वरक की ढुलाई सुगम बनाने सहयोग का भी अनुरोध किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

**पर्यटन मंत्री –साँची**

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने साँची बौद्ध स्तूपों सहित अन्य धरोहरों को देखा । इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों द्वारा भगवान बौद्ध की शिक्षाओं और सम्राट अशोक के संदेशों से अवगत करवाया। उन्हे सांची स्तूपों की बनावट शैली, उनके ऐतिहासिक तथा पुरातात्विक महत्व के बारे में अवगत कराया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा की पर्यटन स्थलों के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार काम कर रही है। पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ा जा रहा है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

**पैरालंपिक पदक**

पेरिस पैरा लिम्पिक में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। निशानेबाजी में भारत ने दो पदकों पर कब्जा किया। अवनी लेखरा ने दस मीटर एयर राइफल स्टेंडिंग एसएच-1 में स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा का कांस्य मोना अग्रवाल को मिला। अवनी ने अपना ही पैरालंपिक रिकार्ड तोडा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्ण

जीतने पर अवनि लेखरा को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि अवनि ने तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनकर इतिहास रच दिया है।

## आश्रय स्थल

प्रदेश में नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 10 नये आश्रय स्थल प्रारंभ किये गये हैं। यह आश्रय स्थल भोपाल, चित्रकूट, सागर, ओरछा, भैरूंदा, मैहर, मंडीदीप, खुरई, देवास और दमोह में शुरू किये गये हैं। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में शहरी बेघरों के लिये आश्रय स्थल का निर्माण एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में किया जा रहा है।

आश्रय स्थल में गरीबों को बुनियादी सुविधाओं जैसे हवादार कमरे, पलंग, गद्दा, तकिया, चादर, स्वच्छ पेयजल, पर्सनल लॉकर, मनोरंजन के लिये टीवी, प्राथमिक उपचार किट एवं प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 62 नगरीय निकायों में 120 आश्रय स्थल संचालित हैं।

## ग्रामीण होम स्टे

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन बढ़ने से अब गांव की अर्थ-व्यवस्था को मजबूती मिल रही है। प्रदेश में अभी तक 116 होम-स्टे हैं । इनकी संख्या बढ़ाई जायेगी। इसके लिए ऐसे गांवों की पहचान की जा रही है जिनमें पर्यटन की भरपूर संभावना है। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने सभी पंचायतों से आग्रह किया है कि वे अपने यहां पर्यटन की संभावना वाले गांवों की पहचान कर पर्यटन गांव बनाने के लिए प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## पीएम जन मन- बिजली

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्रदेश में चिन्हित विशेष रूप से जनजातीय समूहों में 3 हजार 630 घरों को विद्युतीकृत किया जा चुका है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ने शेष घरों में भी विद्युतीकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिये हैं।

अभियान में चिन्हित जनजातीय समूहों जैसे भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के बिना बिजली वाले घरों को विद्युतीकृत किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के लगभग 27 हजार घरों में विद्युतीकरण की कार्ययोजना को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दी गयी है।

**कांग्रेस प्रदर्शन**

प्रदेश में बेरोजगारी, नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में घोटाले के आरोपों को लेकर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने आज भोपाल में प्रदर्शन किया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पहले ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इसके बाद पुलिस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बसों से ले गई। आंदोलन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह शामिल हुए।

**मौसम**

प्रदेश में फिर मौसम बदलने लगा है. आज भोपाल और नर्मदापुरम में तेज बारिश हुई। वहीं इंदौर में भी तेज पानी गिरा। मंडला में भी करीब एक घंटे जोरदार वर्षा हुई,जिससे मौसम ठंडा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार कल से मौसम का नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इससे जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में तेज बारिश कराएगा। प्रदेश के सभी बड़े बाँध 90 प्रतिशत से ज्यादा भर चुके हैं। भोपाल में कलियासोत, केरवा और भदभदा सहित राज्य के अधिकतर बांधों के गेट भी खुल चुके हैं ।

**पेंशन पोर्टल**

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के एक उपाय के रूप में, सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन-पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का ई-एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा, सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने के लिए इन उपायों को मील का पत्थर बताया।

**राज्यपाल स्वास्थ्य**

एम्स भोपाल में उपचार के लिए भारती राज्यपाल मंगुभाई पटेल की स्थिति स्थिर है और चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं । एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के अनुसार राज्यपाल सामान्य रूप से भोजन कर रहे हैं और आराम कर रहे हैं. राज्यपाल को 27 अगस्त को बुखार की शिकायत के बाद एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया था ।

## <u>शहडोल पानी</u>

शहडोल में 40 किलोमीटर लंबी पाईप लाइन का विस्तार कर उन इलाकों में पेयजल पहुंचाया जाएगा जहां अब तक पाइन लाइन नहीं बिछी है। इसके अलावा कई दशक पहले बिछी पाइन लाइन को बदला जाएगा। 21 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले इस काम के लिए नगरपालिका ने टेंडर जारी कर दिया है। बारिश के बाद काम शुरू होगा। इस योजना में 5 नई पानी टंकियों का निर्माण किया जाना है। नगर के 7 हजार घरों में आज भी नल कनेक्शन नहीं है।

## <u>समाचार संक्षेप में...</u>

1. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर बजाने की अनुमति को नकार दिया है। साथ ही संभागायुक्त इंदौर तथा कलेक्टर खंडवा को अवमानना नोटिस जारी किया है।

2. मध्यप्रदेश राज्य हज कमिटी के अनुसार प्रदेश में अब तक 3 हजार 899 लोगों ने कमिटी के माध्यम से हज यात्रा के लिए आवेदन किया है. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितम्बर है.

3. सीहोर जिले में मलेरिया की जांच एवं दवाइयां सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क प्रदान की जा रही है | आशा कार्यकर्ताओं भी घर घर जाकर जांच करने में अहम भूमिका निभा रही है ।

4. पन्ना में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिले के विकास की समीक्षा की.

5. खंडवा में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा ओंकारेश्वर में सीवरेज परियोजना का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। फिलहाल इसका परीक्षण किया जा रहा है.

6. गुना में जिला चिकित्सालय में कल सामूहिक श्रमदान से खिड़कियों एवं रैलिंग की रंगाई-पुताई का कार्य किया जाएगा। पुताई के लिए पेंट और ब्रश जिला चिकित्सालय में ही उपलब्ध कराया जाएगा।

7. मंदसौर में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा । 1 सितंबर को विद्यार्थियों, पुलिस और एनसीसी कैंडेट्स द्वारा पैदल रैली निकालकर इसकी शुरुआत की जाएगी । और

8. शहडोल जिले के जैतपुर तहसील में करचुल गांव में बने बांध से बीते दो दिनों से पानी का रिसाव जारी है। खतरे को देखते हुए कुछ ग्रामीणों को सुरक्षित जगह पर भेजा गया है।

इस बांध से 65 हेक्टेयर में सिंचाई होती है।

----------------------------------